

# AQI-la

वायु प्रदुषण के
खिलाफ़

chintan
environmental research and action group

FRIEDRICH
EBERT
STIFTUNG

# आभार सूची


### कहानी
भारती चतुर्वेदी
श्रुति सिन्हा
अभिषेक सिंह

### डिजाइन और चित्रण
कोकीला भट्टाचार्य

### हिंदी अनुवाद
कोमल
शारंग
योगेश

### विशेष धन्यवाद
अल्फा, अमित, बालमुकुंद, हर्षिता को उनके
रचनात्मक विचारों और समर्थन के लिए


सभी बच्चे नाक ढक कर, मास्क पहन कर घर जाने की तैयारी करे, हम स्कूल बंद कर रहे हैं| ध्यान दीजिए| हम स्कूल बंद कर रहे हैं|
हाँ, अब मुझे जल्दी उठने की जरूरत नहीं है|
चुप कर, अब ऑनलाइन पढ़ाई करनी होगी, फिर हम क्रिकेट कैसे खेलेंगे?
मेरी खांसी रुक ही नहीं रही है|


एक ग्रे कवर ने शहर पर कब्जा कर लिया है| छात्रों को घर वापस भेजा जा रहा है| (जब से इस ग्रे कवर ने शहर को अपनी चपेट में लिया है, लोग बीमार पड़ रहे हैं- वे खांस रहे हैं, थके हुए हैं और काम करने में असमर्थ हैं| सरकार ने वायु प्रदूषण के कारण तालाबंदी की घोषणा की है| ऑनलाइन कक्षाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि कई शिक्षको को लगातार खांसी और थकावट का सामना करना पढ़ रहा है|


मोमोस खाने  है किसी को?
चलो 2 प्लेट शेयर करते है।
हाँ, चलो मोमोज खा लेते हैं। पता नहीं  कि मैं इस तरफ फिर कब आऊंगा-स्कूल बंद हो रहा है।
मोमोज का आनंद लें। कौन जानता है कि जब आप सब वापस आएंगे तो मैं यहां रहूंगा या नहीं ?
क्यों?
मुझे नहीं लगता कि मैं इस तरह काम कर सकता हूं।  मेरी आंखें लाल है और पिछले हफ्ते से जल रही हैं।  मेरी  खांसी रुक नहीं रही  है।  मैं यहां दिन भर खुले में खड़ा रहता हूं, तबीयत खराब होती जा रही है।
मुझे नहीं पता कि मैं क्या करने जा रहा हूँ।  कोविद -19 के दौरान यह बहुत कठिन था। पढ़ाई करो और बोर हो जाओ।
क्या कह रहे हो ? मेरे बारे में सोचो - मुझे उठकर घर का सारा काम करना पड़ता था।  मुझे दोपहर का भोजन गर्म करना, अपनी दादी को खाना खिलाना,  सारी दवाएँ देनी,  और अपनी माँ को पानी भरने में मदद करना पड़ती थी।  काश मेरे पास बोर होने का समय होता।
आप दोनों के घर में कम से कम लोग तो हैं। मेरे पास कोई नहीं है और मुझे इससे नफरत है। मेरे पिताजी सुबह से रात तक काम करते हैं, मेरी माँ ट्यूशन  देने जाती हैं।
मुझे शिकायत करनी चाहिए, लेकिन मैं ठीक हूं। आप तीनों हर चीज के नकारात्मक पक्ष को ही देखते हैं।  यह कोविद -19 नहीं है, हम हमेशा मिल सकते हैं और एक साथ कुछ कर सकते हैं।
जैसे क्या ?
मुझे नहीं पता, शायद किसी तरह का स्टार्ट-अप?
ओह, मेरे पास एक आइडिया है। दरअसल मैं इसके बारे में सोच रही थी।  हम एक जासूसी एजेंसी क्यों नहीं खोलते? यहां हर कोई सवाल पूछता है लेकिन जवाब किसी के पास नहीं है।


जासूस बनकर क्या करेंगे?
ठीक है चलो शुरू करते हैं, लेकिन हल करने वाली पहली समस्या है- नाम। आप बिना नाम के शुरू नहीं कर सकते।
अगर हम शुरू नहीं करते हैं, तो हमें पता नहीं चलेगा- कम से कम मेरी माँ तो यही कहती है।
मैंने इसके बारे में भी सोचा है: “चार जासूस”।
यह भयानक है, मुझे इस नाम से नफरत है।
सभी बच्चे उसकी बात से सहमत होते हुए कहते हैं: बेकार नाम, एक बेहतर नाम ढूंढो, मैं 4 जसोस का हिस्सा नहीं बनने जा रहा हूं।
“सत्य संचालक" कैसा है?
बहुत बेहतर।
चलो बस यही नाम लेते हैं। नहीं तो हमारा ब्रेक खत्म हो जाएगा और हमने कुछ नहीं किया होगा।
सत्य संचालक
ठीक है, मैं स्टार्ट-अप को पोर्टल पर सेट कर दूँगी। मुझे आशा है कि हमारे पास प्रतिद्वंद्वी (कॉम्पिटिटर ) नहीं हैं। चलो अब घर जाना शुरू करते हैं। मुझे पता है कि मेरी माँ हमेशा की तरह चिंता कर रही होगी।
उस दिन, शाम को ...
हम शुरू करने से पहले ही एक फ्लॉप हैं। मुझे पता है कि सत्य संचालक एक अच्छा नाम है, लेकिन कोई नहीं जानता कि हम क्या करते हैं- हमारा हाई-फाई नाम हमारे काम के बारे में कुछ नहीं कहता। हमारे पास मदद के लिए कौन आएगा? जाहिर है हमें कोई केस नहीं मिलने वाला है।
RAVI JASOOS
माफ करना, हम भी कोई ऐसा वैसा केस नहीं लेने जा रहे। हम एक हाई-फाई केस लेंगे। और जब हम इसे हल कर लेंगे, तो मैं टीवी न्यूज़ पर आऊंगा और हर कोई मुझे नोटिस करेगा और कम से कम मैं करण जौहर की फिल्म में काम तो कर ही सकता हूं। शायद तब मुझे स्कूल नहीं जाना पड़ेगा।


क्या तुम पागल हो? जासूस कभी भी अपने काम का प्रचार नहीं करते। हमें अंडरग्राउंड रहना होगा नहीं तो हमारा धंधा(business) चौपट हो जाएगा।
मैं सहमत हूँ। हम किसका इंतजार कर रहे हैं - ब्रेक खत्म होने का? चलो, अभी शुरू करते हैं।
तुम सब यहाँ बैठे क्या कर रहे हो? क्या योजना है तुम सब की? कम से कम एक किताब ही पढ़लो।
पहला कदम क्या होगा?
आंटी, हम अब एक स्टार्ट-अप हैं। हम रहस्यों को सुलझाते हैं। लेकिन कोई केस लेकर हमारे पास नहीं आ रहा, क्या करें?
अगर तुम चाहो तो मैं तुम्हें एक केस दूँ? |मनोजा गायब हो गयी है | वह हमारी प्रेस वाली है।
अब बेडशीट इस्त्री करने वाला कोई नहीं है। चंपा ने सारे कपड़े जला दिए और गिरने पर मेरी कलाई में चोट आ गई। है, बहुत मुश्किल हो रही है। कृपया उसे ढूंढ़ो-कोई नहीं जानता कि वह कहां है।
मेरे बारे में क्या? क्या मेरा रंग खो जाना एक रहस्य नहीं है? कल तक मैं कश्मीर की कली की तरह था | बर्फ से भी सफेद। सब मेरी तारीफ करते थे। अब मैं भयानक लग रहा हूँ। गंदा ग्रे कुत्ता किसे पसंद है? जानने लायक भी नहीं। सभी प्रभावित करने वाले (इन्फ्लुएंससे) सफेद कुत्तों को ही पसंद करते हैं।
हेलो, आपने मनोजा को देखा है?
रिया, चंपा और रवि सभी अलग-अलग जवाबों के साथ वही  सवाल पूछते हैं।
वह कैलासा अस्पताल में है। उसके पड़ोसी ने मुझसे कहा- वह सांस नहीं ले पा रही थी, इसलिए उन्हें रात में ले जाना पड़ा।


यह एक छोटा अस्पताल है, पहले जनरल वार्ड में जाएँ क्या?
HOSPITAL
आशा करते हैं कि वह वहीं हो। मैं बहुत चिंतित हूँ। मेरी मां उन्हें इस्त्री के लिए बेडशीट और साड़ी देती हैं। मनोजा नहीं मिलने पर, माँ मुझसे काम करवाएगी
हाँ
ओह मनोजा! आप बहुत कमजोर लग रही है।
मैं-मैं सांस नहीं ले पा रही। आप सब अस्पताल में क्या कर रहे हैं? क्या सब ठीक है?
आप इतने दिनों से आये नहीं, हम परेशान हो गए थे। देखो आप कितने थके हुए लग रहे हो, आप बात मत करो।
माफ करना, डॉक्टर। मैं मनोजा की तरफ से हूं-वो मरीज।
हाँ, बताओ। जल्दी, आज बहुत काम हैं।
वह अलग लग रही है। वह सांसभी नहीं ले पा रही है।
हाँ, हाँ, सबको यही प्रॉब्लम हैं। उन्हें प्रतिरोधी फुफ्फुसीय (फेफड़े ) की गम्भीर बिमारी है। मैंने उनकी केस शीट देखी है, लेकिन मैंने कोई अन्य परीक्षण नहीं देखा है। मुझे लगता है कि उनके फेफड़े बुरी तरह से जाम हो गए हैं, क्योंकि वह चुहला का इस्तेमाल करती है। वह चुहले पर लकड़ी जलाकर खाना बनाती है और यह उनके फेफड़ों के लिए सबसे बुरी चीज है।
वाक़ई?
और बाहर का वातावरण भी ख़राब हैं, इसलिए वह हर समय प्रदूषण में सांस लेती है-अंदर और बाहर दोनों
हाँ, हम ऐसे बहुत से मामले देख रहे हैं, इसलिए मुझे पूरा यकीन है। आज हमारे आधे से ज्यादा आपातकालीन(emergency) रोगी या तो चुहला का उपयोग कर रहे है या वे उस निर्माण स्थल के पास रहते है। जाहिर हैकि वे सभी अस्वस्थ होंगे, बहुत दुखद है। कुछ को तो प्रदूषित हवा से दिल का दौरा भी पड़ता है। यह बहुत गंभीर है।
यह एक बड़ा संकट है। मुझे कभी एहसास ही नहीं हुआ।
मैं यह पहली बार सुन रहा हूँ।


निर्माण स्थल वायु प्रदूषण की भारी समस्या पैदा करते हैं। दिन रात, ये महीन कण - रेत से, पुराने भवनों के टूटने से, सीमेंट से, पेंट से- सभी उनके फेफड़ों में जमा हो जाते हैं। यह एक युद्ध की ही स्थिति है।
लेकिन बिल्डर्स को, कोई क्यों नहीं रोकता?
क्युकी , मेरी बहन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में है। वह हमेशा इस के बारे में बात करती है। वह कहती हैं कि निर्माण के लिए उनके पास कई मानदंड हैं। उन्हें सभी रेत, सामग्री को ढंकना होगा। आपको वो दिखना नहीं चाहिए। आप सड़क के किनारे कुछ भी डंप नहीं कर सकते। आपको साइट के चारों ओर एक टिन कवर लगाना होगा। आपको इसे पानी से स्प्रे करना होगा। आपको श्रमिकों को मास्क देना होगा। पर, क्या कोई 100% पालन करता है?
नहीं, ये तो कुछ ढकत भी नहीं है। मैंने काफी बार देखाहै ।
तो, मेरे युवा मित्रो, सोचो कि यह लोगों को कैसे नुकसान पहुँचा रहा है। आप सभी इसके बारे में कुछ क्यों नहीं कर रहे हैं? आप युवा हैं - क्या यही भविष्य आप चाहते हैं? अस्पताल में?
डॉक्टर, सारे पलंग भर रहे हैं। हमारे पास सिर्फ दो पलंग बचे हैं। क्या करें? क्या हम वेटिंग एरिया में इमरजेंसी वार्ड बना दे? वहा 6 बेड फिट हो सकते हैं।
हाँ, ऐसा ही करो। मुझे जल्दी है-एक नया मरीज देखना है ।
वह भी कंस्ट्रक्शन साइट एरिया से है। मुझे नहींपता कि क्या हो रहा है। आधे मरीजकंस्ट्रक्शन एरिया के 1 किलोमीटर सेकम के दायरे से हैं। कुछ चूल्हेपर लकड़ी से खाना बनाते हैं। और एकबात यह भी है कि हर बीमार व्यक्ति, व्यस्त सड़क के पास काम करता है। आपको विश्वासनहीं होगा-वे फैंसीकारें अंदर बैठने के लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन बाकी लोगों के लिए भयानक हैं। खासकर डीजल कारें।
तुम बच्चे अखबार नहीं पढ़ते, मुझे लगता है। क्या आपने व्यस्त बाज़ार में उस प्रयोग के बारे में नहीं पढ़ा? उन्होंने सभी वाहनों को रोक दिया और प्रदूषण रातों-रात काफी कम हो गया। देखा? वाहनों से होने वाला प्रदूषण, वायु प्रदूषण के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है।
मुझे बिलकुल नहीं पता था। कहाँ पे? तो क्या हम सभी को बसों का उपयोग करने का प्रयास करना चाहिए ?
जाहि रहै। प्रति व्यक्तिकम प्रदूषण। और प्रयोग दिल्ली में अजमल खान रोड में था। मैंने यही पढ़ा।
मेरे पिताजी वैसे भी काम के लिए बस से जाते हैं। वह ऐसा तब से कर रहे है, जबसे मुझे याद है।
देखा? आपके पिता धरती की परवाह करते हैं। मैं भी रोज बस लेता हूं। लेकिन बाहर देखिए, कितनी कारों ने सड़कों पर कब्जा कर लिया है। मुझे जाना है, इस हड़बड़ी में नए मरीज का इलाज नहीं हो पा रहा है।


वह सांस नहीं ले सकता। वह पहले से ही सांस नहीं ले पारहा था, अब वह बाकी 6 लोगों की तरह है। बिना सांस फुलाये चल नहीं सकता। कृपया कुछ करें। उनकी एक बेटी है – सिर्फ 16 साल की, उसे स्कूल में भेजने के लिए] उसे काम करना पड़ता है।
ओह – यह भयावह है। उनकी बेटी हमारी तरह है। मैं कल्पना नहीं कर सकती कि अगर मेरे पिता इतना बीमार होते।
चुप हो जाओ वार्नी, मैं भी रोना शुरू कर दूँगा। मेरे पिता की तबियत भी ठीक नहीं रहती , चलो मनोजा पर ध्यान केंद्रित करते हैं।
क्या हुआ तुम्हें? सभी चिंतित थे?
हमें किसी तरह का श्राप है। हम अपने चूले को घर के बाहर नहीं रख सकते। वहा भयानक गंध करता है, और केवल नाला है। मैं वहां खाना नहीं बना सकती। और महिलाएं भी है -आप किसी से भी पूछें। हर कोई बीमार है। में ही अकेली नहीं हूँ।
लेकिन अगर आप यह जानते हैं तो गैस का इस्तेमाल क्यों नहीं करते?
कैसे ? हम 6 लोग हैं, यह महंगा है और यह एक महीने भी नहीं टिकेगा। मैंने इसका इस्तेमाल तब किया जब मेरे जीजा का परिवार आया था। वे बहुतचाय पीते हैं। हमारी झुग्गी में कोई उज्ज्वला योजना नहीं है।
हमारा परिवार उसे दिवाली की मिठाई के बदले गैस सिलेंडर दे सकता था, अगर हम जानते।
यह कैसे मदद करेगा? उन्हें हर महीने उस उपहार की जरूरत होती है। उन्हें देखो। चलो सब मिलते है। यह बहुत गंभीर है। मास सिकनेस(सामूहिक बीमारी) है और हमें पता भी नहीं चला। हम किसतरह के जासूस है
SATYA SANCHALAK
रवि: SOS. हमे मिलने की जरुरत है, हमे मनोजा का पता चल गया है , शाम 4 बजे चंपा के घर पर
रिया: 👍
चंपा : ✊
चंपा : शाम को मिलते है, मैंने अभी अपने चाचा जी से बात की है, वह प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक भी हैं | वह बहुत गंभीर बात कह रहे हैं|| बताना होगा|


जब वे मिलते हैं
चंपा : सबसे पहले, क्या किसी को पता है कि आपके बालों के 1/20 हिस्से से भी छोटा एक कण है?
ओह, बाल की खाल के बराबर साइज़ का
हाँ, आज हमें बाल की खाल करनी है, क्योंकि इस कण को 2.5 कहते हैं। यह 2.5 माइक्रॉन आकार (अति सूक्ष्म ) का है यह एक आतंकवादी की तरह है। यह सीधे आपके खून में जाता है और आपकी धमनियों को ब्लॉक कर सकता है। आपको स्ट्रोक हो सकता है अगर यह आपके मस्तिष्क (दिमाग) में धमनी(नसों) को अवरुद्ध(ब्लॉक) करता है या दिल का दौरा पड़ता है यदि यह आपके दिल में धमनियों को अवरुद्ध करता है।
नहीं ! यह साई फाई की तरह है। क्या आपको यकीन है?
अरे, जब चाचाजी बोल रहे थे तो मैंने उसे गूगल कर लिया था। मुझे लगा कि वह मुझे डराने के लिए ऐसा कह रहे है। पर यही सच है। लेकिन यार, वह कण किसी भी चीज से बनाया जा सकता है। यह पहले से ही एक शारीरिक समस्या है और फिर यह एक रासायनिक समस्या हो सकती है। आप यह जानते हैं - कुछ कणों में सीसा(mercury)होता है। यह हमारे दिमाग को जहर देता है, खासकर युवाओं को...।
तो इसका मनोजा या रहस्यमय बीमारी से क्या लेना-देना है? हम सभी को विज्ञान पसंद है, लेकिन सामूहिक बीमारी पर ध्यान दें।
यह सब वायु प्रदूषण के बारे में ही है। प्रदूषण कई कणों से बना है। और ये पीएम 2.5 की तरह बहुत छोटे होते हैं या पीएम 10 की तरह थोड़े बड़े होते हैं। लेकिन पीएम 10 भी बहुत छोटा होता है, हालांकि यह सीधे खून में नहीं जा सकता। समझ आया??
मेरे बारे में क्या?
मुझे यकीन है कि PM 2.5 और PM 10 ने मुझ पर हमला किया है। मेरी आंखें लाल हैं। मेरा फर गहरा भूरा है। मैं फैशन से बाहर हूं। मुझे अपना इंस्टाग्राम अकाउंट बंद करना होगा, मेरे फॉलोअर्स मुझ पर हंसेंगे।
हाँ मुझे पता है तुम्हारा क्या मतलब है। निर्माण धूल और चूल्हे से होने वाला प्रदूषण जिसमे छोटे कण हैं, PM 2.5 या PM 10। जो हमे धीरे धीरेमाररहे है।
हाँ, हमारी महामारी!!
इसी दौरान समीर को फ़ोन किया गया क्योंकि उसने व्हाट्सएप संदेश का जवाब नहीं दिया। वह बहुत तनाव में लग रहा था, उसने कहा कि एक पारिवारिक आपात(emergency) स्थिति है।


समीर?
समीर?
Hello, यार सॉरी। मैं आज नहीं आ पाया। घर के हालात ठीक नहीं है।।
अरे, तुमने हमें बताया क्यों नहीं? मित्र होते किस लिए हैं? क्या हुआ?
पापा कभी मम्मी की बात नही सुनते, वो हमेशा बीमार रहते है। वह पूरी रात खासते हैं, सिरदर्द रहताहै, लेकिन वह कभी डॉक्टर के पास नहीं जाते हैं।
हम एक ऑटो बुला सकते हैं और उन्हें ले जाते हैं-तुम परेशान मत हो।
आज वह बोल भी नहीं पा रहे हैं, चल भी नहीं सकते। हम उन्हें कहीं कैसे ले जाएं?
कम से कम अंकल को नमस्ते तो कह सकते हैं?
हीं, नहीं - वोह ठीक से साँस भी नही पा रहे हैं। कुछ बोलते ही उन्हें खांसी होती है।
अंकल ट्रैफिक पुलिस में हैं, क्या? वह हमेशा अपनी वर्दी में रहते हैं।
बिल्कुल वही जो मैं सोच रही थी। वह उन सभी कणों को सांस के साथ अंदर ले रहे है।
धीरे से बात करो। वो सुनलेंगे। मैं भी उन सभी PM 2.5 और PM 10 के बारे में सोच रहा हूं जो वो सांस के साथ अंदर ले रहे होंगे। वह हमेशा व्यस्त सड़कों पर तैनात रहते हैं।
ओह अब मैं समझ गई। वायु प्रदूषण के कारण हमारा स्कूल बंद है। शिक्षक खांस रहे थे, आधे छात्र भी खांस रहे थे, तो कई बीमार छुट्टी पर थे।
मैंन तो पहले ही समझ गया था। आप जोर से बात कर सकते हैं, मुझसे सच छिपाने की कोशिश करने का कोई मतलब नहीं है। बस मम्मी को मत बताना। वह बहुत तनाव में है।
यह वही बात है।
क्या मतलब है तुम्हारा? मुझे लगा कि किसी बच्चे का AQI 450 positive पाया गया है।
जब तुम इतनी कन्फ्यूज़ड हो तो क्लास में फर्स्ट कैसे आती रहती हो? क्या तुमको टीवी पर वह कलर डायग्राम याद नहीं है? स्कूल बंद होने से एक रात पहले धूल भरी आंधी आयी थी और उन्होंने हमें बताया कि हम नारंगी श्रेणी से मैरून श्रेणी में चले गए हैं। तुम इसके बारे में सबसे ज्यादा जोर से बात कर रही थी
मैं कह रही थी कि धूल भरी आंधी इसलिए थी क्योंकि उन्होंने पूरे जंगल को काट दिया था। पेड़ों और झाड़ियों की कोई दीवार नहीं थी, इसलिए धूलको रोका नहीं जासका। इसलिए हम दो दिनों तक धूल से ढके रहे। मैंने मरूनके बारे में कब कुछ कहा?


आप मेरे परीक्षा के कम अंकों पर हसते हैं, लेकिन, आपमें से किसी ने भी AQI के बारेमें बात नहीं की है। क्या आप यह भी जानते हैं कि यह क्या है?
शायद नहीं।
सबसेपहले, सिर्फ इसलिए कि मैं नहीं आता, इसका मतलबयह नहीं है कि मैं कुछ भी नहीं जानता। और दूसरा, AQI का मतलब वायु गुणवत्ता सूचकांक है। वे इसकीगणना इस आधार पर करते हैं कि कौन से प्रदूषक कितनी गिणती में हवा में मौजूद है। और यह 50 या उससे कम है तो, हवा अच्छीहै। और धूलभरी आंधी के बाद 650 हो गई, याद रहे- वो हैमैरून कैटेगरी, सबसे खराब।
AQI 200 के बाद आपको व्यायाम नहीं करना चाहिए।
ठीक है, इस बारतुम हमे कुछ बताओ। नहीं तो हम ही तुम्हेकोचिंगदेते रहते है।
कौनसे प्रदूषक?
वही जो हम पहले से जानते हैं। ओजोन, PM 10, PM 2.5, सल्फर के ऑक्साइड, नाइट्रोजन के ऑक्साइड, अमोनिया, कार्बन- मोनोऑक्साइड। इनका फॉर्मूला लिखते- लिखते थक गए हम सब।
150
100
200
50
300
0
AIR QUALITY
INDEX
500
वास्तवमें, उनके पासडेटा रिकॉर्ड करने के लिए बहुत सारे निगरानी स्टेशन हैं, लेकिन अगरहमारे पास कोई निगरानी स्टेशन ना होता, तो हम नहीं जान पाते कि AQI कितना है। कभी-कभी वे सभी प्रदूषकों को रिकॉर्ड नहीं कर पाते हैं। इसलिए AQI कीगणना केवल तभी की जाती है जब कम से कम तीन प्रदूषकों का लिए डेटा उपलब्ध हो, जिनमें सेएक PM 2.5 या PM 10 होना चाहिए, वर्ना, AQI की गणना के लिए डेटा को अपर्याप्त माना जाता है। इसी तरह, उप-सूचकांककी गणना के लिए न्यूनतम 16 घंटे का डेटा आवश्यकहै।
: मैं अकेला हूं जो हमारे स्टार्ट-अप के लिए अनुसंधान (Research) कर रहा हूँ। मैंने यह सब सरकारी वेबसाइट पर पढ़ा हैं। बाकी आप लोगों से बातें करते रहते हैं, मैं पर अपने केस के लिए वैज्ञानिक आंकड़े जुटाता हूं।
अगर मुझे शाम को अपने पिताजी की दुकान पर काम नहीं करना पड़ता, तो मैं भी टॉपर होता। इसीलिए समीर के पिता इतने बीमार हैं। वह वायु प्रदूषण के शिकार है। धूल भरी आंधी के दौरान वह डबल ड्यूटी पर थे और तूफान आने से पहले ही यह AQI 350 था। तुम दोनों, अब समझ गए?
वाह। तुम अभी से ही एक वैज्ञानिक वेबसाइट की तरह लग रहे हो!
हाँ, बिलकुल। वह इन सभी वाहनों, चूल्हों और कंस्ट्रक्शन का संयुक्त शिकार है।
ओह, मुझे पता है कि हमें उन्हें क्या कहना चाहिए - हमारे शहर के 3 हत्यारे।
कम से कम सत्य संचालक दल ने तो उस खलनायक (Villian) की पहचान कर ली है, जिसने यह सब मुसीबत पैदा की है।
इतने सैद्धांतिक(किताबी) होने के लिए सभी को बधाई, लेकिन एक अच्छा Start Up कोई पाठ्य पुस्तक अनुसंधान का संगठन नहीं है। हमें चीजें बदलनी होंगी? लेकिन मैं नहीं जानता कि कैसे मैं और यह भी नहीं जानता कि अपने पिता के साथ क्या करना है।


ओह, आप सब से बेकार स्टार्ट-अप के बेकार संस्थापक हैं। तुम, अपने सबसे सुंदर कुत्ते को बचाने में भी सक्षम नहीं हो। तुम मेंसे किसी ने मेरी ओर एक बार भी नहीं देखा। एक बार मैं कश्मीर की बर्फ की तरह सुंदर और सफेद था। जब आपमुझे मेज से मटन नहीं देते, तो मैं रो पड़ता- और मेरे आंसू स्वारोवस्की क्रिस्टल की तरह थे। मेरी नाकशाम के बादल की तरह गुलाबी थी। कॉलोनी मेंहर कोई कहता था: फ्लफि सबमें सबसे सुंदर है। मैं अगलेमहीने मिस यूनिवर्स (डॉग) बनने वालाथा। सभी प्रायोजकोंको अंतिम रूप दिया गया। यह 100% था कि मैं जीतने जा रहा था।
फ्लफिक्यों रो रहा है? आशा हैकि वह ठीक है?
जरा उसेइग्नोर करो। मेरी माँने उसे बिगाड़ दिया है, हर समयउसका फर ब्रश करती है। वह उसेअपना तीसरा बच्चा कहती है।
यह बहुत मजेदार है। चुप होजा। इस स्टार्ट-अप में कोई भी आपका फर ब्रश करने वाला नहीं है।
हाँ, अब जबकि मैं ग्रे और बदसूरतहूँ, मुझे नज़र अंदाज़ करो
भगवान, अगर आप मेरे पुराने रूप को बहाल करते हैं और मुझे खिताब दिलाते हैं, तो मैं फिर कभी कूड़ेदान से मटन की हड्डियां नहीं चुराऊंगा। कृपया मुझे माफ़ करें। मैं रविवार को व्रत रखूंगा, जब वे मांस पकाएंगे। बस मुझे फिर से सफेद कर दें।
हाय! में कहीं का नहीं रहा। मेरे आंसू भी ग्रे ग्रे।
मैं तुम्हारे पिता से तंग आ चुकी हूँ। वह सोचता है कि वह सब कुछ जानता है।
आंटी- क्या हुआ? आप बस हमें बताए क्या करना है?
समीर बेटा- अब तुम्हें ही उन्हें संभालना है। हम सब तंग आ चुके हैं। वह अस्पताल नहीं जा रहे है। उनकी अपनी बहन फोन पर रो रही है, वह भी कह रही है कि अब बहुत ज्यादा हो रहा है। मैंने उनसे कहा, हम Uber को बुला सकते हैं, यह एक आपात स्थिति है, लेकिन वह नहीं सुन रहे।
उनके अपने माता-पिता फोन कर रहे हैं, वह उनकी एक नहीं सुन रहे। कहते है कि मुझे पता है कि मुझे क्या करना है। समीर - अब तुम अपने पापा से कहो कि उन्हें बड़ों जैसा व्यवहार करना होगा। कम से कम अपनी खातिर अपने स्वास्थ्य में सुधार करें।
फ्लफि - तुम कितनी प्यारे हो। हमेशा एक बच्चे की तरह इतनी बड़ी-बड़ी आंखों से हर चीज को देखते हो।
मैं बहुत प्यारा हूँ, मुझे पता है। आंटी मेरे सुनहरे दिल को देख सकती हैं, भले ही मेरा फर गंडा ग्रे हो।


अब हम जानते हैं कि हमारा पूरा शहर बीमार क्यों हो रहा है। लेकिन सत्य संचालक को क्या करना चाहिए? हमारे पास कोई हल नहीं है।
पहला उपाय है अंकल के बारे में कुछ करना। देखो, वह काम पर वापस आ गए है। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है। आंटी सही थीं, वो कभी कोई अच्छी सलाह नहीं सुनते।
तुम सबको इस पागलपन को रोकने में मेरी मदद करनी होगी।
रो मत, कुछ करते हैं। अंकल का बॉस कौन है? चलो उससे मिलते है।
ASTHANA
TRAFFIC HQ
Deputy Police Commissioner
मैम, बिना अपॉइंटमेंट के आपसे मिलने के लिए खेद है। हम एक जासूसी एजेंसी सत्य संचालक से हैं।
जल्दी बताओ, मैं व्यस्त हूं।
कृपया, यह मत बताना कि कोई ट्रैफिक पुलिस वाला पैसे ले रहा है। हमारे पास एक सतर्कता विभाग है, बस उनके पास जाओ, वे बहुत मददगार हैं।
नहीं, ऐसा नहीं है।
वह बहुत बीमार है, क्योंकि आप उन्हें केवल उच्च प्रदूषण वाला काम दे रहे हैं। वो सांस नहीं ले सकते, कुछ भी हो सकता है। हम सोच रहे हैं कि अगर आप उन्हें डिजिटल डेटा सेल में ट्रांसफर कर दें तो यह समस्या हल हो सकती है। यह सभी सड़कों से दूर, एक वन क्षेत्र के पास है। यह इस तरह प्रदूषित तो नहीं है।
इस साल वायु प्रदूषण से कितने लोगों की मौत हुई है? क्या तुम मुझे बता सकते हो?
मुझे ठीक से पता नहीं है, लेकिन....।
बिल्कुल, कोई नहीं जिसे हम जानते हैं। इसलिए हम अपने कर्तव्य को नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते हैं और लोगों को स्थानांतरित नहीं कर सकते हैं आपका किड्स क्लब इसके लिए क्या कह रहा है?
यह एक स्टार्ट-अप है।
देखिए, जो कुछ भी है ट्रैफिक के लिए मैं जिम्मेदार हूं। यहां के हर ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने पिछले दो साल में बीमार छुट्टी मांगी है। मैं क्या करूं? मैं इस तरह विभाग नहीं चला सकता? हादसों में कितने लोग घायल होंगे पता है ?
यह उचित नहीं है। वह बिल्कुल भी ठीक नहीं है और वह अभी भी काम कर रहे है।
पूरी ट्रैफिक पुलिस फोर्स काम कर रही है। कोई ठीक नहीं है। आप कैंटीन में जाए, और आप सभी को खांसते सुनेंगे।
यह एक अस्पताल की तरह है। आप मुझे प्रशिक्षित लोगों को उनकी जगह ले आना, मैं उन सभी को छुट्टी दूंगी।
COUGH COUGH
उन्हें ठीक होने के लिए छुट्टी नहीं मिलेगी?
क्षमा करें, लेकिन वह कोई विशेष मामला नहीं है। हर कोई उनके जैसा है। खाँसी है, बीमार है और काम कर रहा है। अब तुम घर जाओ और पढ़ाई करो। अगर आप मन लगाकर पढ़ाई करे तो आप यूपीएसई पास कर सरकार में शामिल हो सकते हैं। तब आप छुट्टी दे सकते हैं।
तुम चिंता मत करो, समीर। हम अंकल को फिर से स्वस्थ कर देंगे। वादा रहा।
मैं सोच नहीं पा रहा। मुझे नहीं पता क्या करना है। काश पापा के पास कोई और नौकरी होती।


वापस जाते समय, चारों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक अधिकारी और बिल्डर के बीच एक गरमागरम बहस देखी, जो पूरे क्षेत्र को प्रदूषित करने के लिए बिल्डर को नोटिस देने की कोशिश कर रहा था।
आप जो चाहें वो कर सकते हैं, मैं आपके बेवकूफी भरे नियमों पर अपना पैसा बर्बाद नहीं करने जा रहा हूं। आप जानते हैं कि पूरे क्षेत्र को टिन की चादरों से ढकने में कितना खर्च होता है - आपके वार्षिक वेतन से अधिक।
मेरा वेतन हो या न हो, मुझे परवाह नहीं है। एक्यूआई 550 है और आपने एक भी काम नहीं किया जो हमने आपको करने के लिए कहा था। आपने सड़कों से रेत के विशाल ढेर को नहीं हटाया। इसे साइट के बाहर रखने की अनुमति नहीं है। आपने मलबे का ढ़ेर लगा रखा है --यह अवैध है। हवाएँ इसे सबके घरों तक ले जा रही हैं, क्या आपको यह नहीं दिख रहा है?
मैं संत नहीं हूँ, मैं एक बिल्डर हूँ। क्या आपको यह नहीं दिखता ?
कानून सभी के लिए समान हैं, संत हो या बिल्डर। और आपको श्रमिकों को मास्क देना होगा। आपको साइट पर पानी का छिड़काव करना चाहिए। लेकिन आपने कुछ नहीं किया। तो बताओ, तुम कब पूरी साइट को मेटल/tin कवर से ढकोगे? मुझे प्रदूषण नहीं चाहिए।
सरकार में आप लोग गड्ढों के बिना सड़क नहीं बना सकते, लेकिन आप मुझे लेक्चर दे रहे हैं। तुम्हें लगता है कि मैं तुमसे डरता हूँ? आप जानते हैं कि मेरे ससुर कौन हैं? श्री शोंटी अरोड़ा। एक कॉल...
जब मैं उन्हें इस जगह की एक्यूआई रीडिंग दिखाऊंगा, तो वह अपनी बेटी को आप जैसे बदमाश को छोड़ने के लिए कहेंगे।
आप और आपकी श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना। इसका क्या नाम है- GRAP! खैर, GRAP के बारे में पढ़ता हूँ तो मन करता है अखबार फाड़ दूं। क्या आप जानते हैं कि जब आप अपना GRAP बकवास शुरू करते हैं तो मैं कितना पैसा खो देता हूँ?
कुछ भी बनाएं, पर नियमो का करे।
हम आपको केवल नियमों का पालन करने के लिए कहते हैं। और कुछ नहीं।
क्या आप जानते हैं कि बीमार होने के कारण, जब हम काम नहीं कर पाते , तो हम कितना पैसा खो देते हैं?
और जब हम अपने बच्चों के साथ हर तीसरे दिन डॉक्टर के पास जाते हैं तो हमें कितना नुकसान होता है? तो बस चुप रहो और इस अधिकारी की बात सुनो।
ठीक है, उसे हमारे पैसे की परवाह नहीं है, हम उसके कार्यालय परिसर की परवाह नहीं करेंगे। हम सब इसका बहिष्कार करेंगे। इस भवन में कोई नौकरी नहीं लेगा।
हाँ, बहिष्कार करो, बहिष्कार करो!
कोई दूसरा चारा नहीं है। हर महीने लगभग 1 लाख भारतीय अपने घरों के अंदर और बाहर के वायु प्रदूषण के कारण मर जाते हैं। किसी को सत्याग्रह शुरू करना होगा। कम से कम इन लोगों ने तो शुरुआत की है।



मैं अपने 50वें जन्मदिन पर पूरे परिवार के साथ  कनाडा जा रहा हूं। मुझे वास्तव में एक ब्रेक की जरूरत है।
ओह सच में? आपको उस टोरंटो एक्वेरियम (aquarium) में जरूर जाना चाहिए। मैंने सुना है बहुत अच्छा है।
मैंने ऑनलाइन टिकट खरीदा है। हम प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय भी जा रहे हैं-  मेरी बहन वहां रहती है, वह जोर देकर कह रही है कि हम इसे देखें। टोरंटो के बाद हम लंदन जाएंगे।  मेरी पत्नी की बहन का पूरा परिवार वहीं रहता है। फिर हम चर्चिल जाते हैं।  मैं एक ध्रुवीय(Polar) भालू देखना चाहता हूं - यह मेरा सपना है।
यह एक लंबी यात्रा है।
फिर हम क्यूबेक सिटी जायेगे। मैंने सुना है बहुत ख़ूबसूरत है। मैं वहाँ सबसे अच्छे होटल में रहूँगा - एक महल में। मेरा जन्मदिन उसी दिन है, इसलिए मैंने शैंपेन का ऑर्डर कर दिया है। फिर वैंकूवर। मेरी पत्नी के भाई का पूरा परिवार है। फिर हम रॉकी पर्वतारोही ट्रेन लेंगे जो बनफ तक जाती  हैं। मेरी बहन और भाई दोनों अपने परिवारों के साथ वहां हमारे साथ आ रहे हैं। और मेरे दोनों पहले चचेरे भाई, वे कनाडा में हैं।
कितने पैसे खर्च कर रहे हो ?
अगर आपके पास पैसा है तो दिखाना तो बनता हैं।  यही मेरा Moto है। 50th  जन्मदिन फिर नहीं आएगा,  और जवाब है 30 लाख।
वाह। गंभीरता से?
देखो, मैं अपने पूरे परिवार से मिलता हूं, एक ध्रुवीय भालू देखता हूं, मैं बहुत अच्छा खाना खाता हूं, मेरी पत्नी अपने पूरे परिवार से मिलती है। और हम इस शहर से निकल जाते हैं, जहां हम सांस भी नहीं ले सकते। जब मैं घर आता हूं तो हर रोज मेरी सफेद कमीज  ग्रे दिखती है। मेरे पास 20 सफेद शर्ट हैं, सभी थाईलैंड में सिले हुए हैं।  उन सभी को मुझे एक बार पहनने के बाद Dry clean करवाना  पढता है।  क्या यह एक अच्छा जीवन है?
हाँ, एक अच्छी, साफ जगह पर जाना सबसे अच्छा है।
हां, मैं इस जगह से निकलना चाहता हूं। मेरी बेटी की आंखों हमेशा पानी से भरी रहती है। लेकिन एक समस्या है।
बताओ?
मैं 3 महीने से इंतजार कर रहा हूं, अभी तक वीजा नहीं आया है। मुझे चिंता हो रही है।
शौंटी अरोड़ा के दामाद का वीजा कौन मना करेगा?
चिंता करना बंद करो।
मुझे उम्मीद है। अगले हफ्ते बात करते हैं। मैं अब सोता हूँ।


रिया रात में लेटी हुई है, छत की ओर देख रही है और विचारों में खोई हुई है। वह यह सोचकर सो जाती है कि वायु प्रदूषण से लड़कर अपने दोस्तों और समाज की कैसे मदद कर सकती है। उसके दिमाग में सबसे ऊपर है अंदर का  प्रदूषण प्रदूषण (मनोजा की घटना), यातायात प्रदूषण (समीर के पिता की घटना), और निर्माण का प्रदूषण।
यह सोचकर वह सो जाती है। उसके सपनों से, रिया का एक अलौकिक संस्करण प्रकट होता है। यह बिल्कुल रिया जैसा दिखता है, सिवाय उसके कपड़ों के। उसका नाम अकिला है और AQI( एयर क्वालिटी इंडेक्स)है। वह वायु प्रदूषण को मरती  है। AQILA के पास लोगों में सत्य-बल्ब लगाने की शक्ति है जो उन्हें चारों ओर सच्चाई को देखने के लिए प्रेरित करती है। रिया इस अलौकिक रूप से अवगत नहीं है।
अगर तुम 150 के  पार जाओगे तो मैं तुम्हें चोट पहुचाउगि। अगर तुम 250 के पार जाओगे तो मैं तुम्हें मार डालूँगी।



सत्य की खोज करने वाली अकिला(AQI-La), बिल्डर से मिलने जाती है।
सत्य की खोज करने वाली अकिला(AQILA), ट्रैफिक बॉस से मिलने जाती है. वह कमरे में प्रवेश करती है और उनको अपने दिल में सच्चाई का बल्ब लगा देती है। बॉस को कुछ पता नहीं चलता है।
मम्मा- क्या मैं आधा घंटा और सो सकती हूँ? मैं बहुत थक गयी हूं।
नहीं - तुम बस तैयार हो जाओ और कुछ खा लो । सोने का समय नहीं है। जागो और कम से कम किचन में तो मेरी थोड़ी मदद करो। अपनी दादी की दवाइयाँ बनाकर उन्हें दे दो।
मम्मा- टोस्ट पर ज्यादा मक्खन लगाओ। मैं मुश्किल से चल पा रही हूं, मुझे और ऊर्जा चाहिए। क्या मुझे वायरल फीवर हो गया है?
तुम बहुत सोच रही हो-यही समस्या है। आपको हर रात एक और रोटी खाना शुरू करना होगा।
कुछ ठीक महसूस नहीं हो रहा। मैं अपने मन और शरीर से थक गयी हूँ। और मेरी बाहें इतनी भारी क्यों लग रही हैं?
मुझें नहीं पता...।
SAVE THE world
गुड मॉर्निंग जानू। जन्मदिन की शुभकामनाएं। आप 50 के हो गये हैं!
हाँ, लेकिन मुझे हल्का सिरदर्द हो रहा है, जैसे किसी ने मेरे दिमाग में कुछ डाल दिया हो।
भूल जाइए, 50 पर कुछ न कुछ तो दर्द होगा। आज हर कोई आपकी पार्टी में बिजी है। कनाडा यात्रा में इसका लगभग समान खर्चा आता। बहुत बुरा हुआ हमें वीजा नहीं मिला। शायद अगले वर्ष कनाडा दूसरे घर जैसा है, नहीं? हमारे अलावा हर कोई वहां रहता है।
शायद मुझे कोई पार्टी नहीं चाहिए
क्यों पापा ?
बेटा हमारे काम की वजह से बहुत सारे लोग अस्पताल में पड़े हैं। मैं अभी मूड में नहीं हूं। बस इसे रद्द कर दो और मझसे बहस मत करो। मैं इसके लिए कोई भुगतान नहीं करूंगा। मेरा फ़ोन कहाँ है?
वह पागल हो गये है।



हेलो, चेयरपर्सन सीपीसीबी(CPCB)? मैं यहां शोंटी अरोड़ा का दामाद हूं। क्या आप दो निरीक्षकों की नियुक्ति कर सकते हैं, ताकि मैं साइट को शून्य प्रदूषण बना सकूं?
हां, गंभीरता से। मुझ पर विश्वास करो। मैं आज 50 का हूँ। मैं अपने जन्मदिन पर झूठ नहीं बोलने जा रहा हूं। मैं पूरे भारत में अपने सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरों और वास्तुकारों के साथ प्रदूषण से लड़ने वाली टीम बना रहा हूं।
हेलो, मिस्टर गवई। आपको इतनी जल्दी कॉल करने के लिए मुझे क्षमा करें। लेकिन मुझे तुरंत यूएनईपी (UNEP) की मदद की जरूरत है। मैं जानता हूँ कि आप इस तरह काम नहीं करते, लेकिन कृपया सुनिए। मुझे पता है कि आप अंतिम समय में काम कर सकते हैं-आप भी एक सरकारी अधिकारी थे। कृपया, डिस्कनेक्ट न करें, मैं पागल नहीं हूं।
नहीं, नहीं, आज आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं है। चलो बात करते है। वास्तव में आपको केवल अपने देवयानी दत्त और सुमंत वर्मा के साथ एक जूम कॉल सेट करना है। ना मत कहो। आप दुनिया के शीर्ष पर्यावरण समूह से हैं। आप वायु प्रदूषण से लड़ते हैं, है ना? मैं अपनी साइटों से शुरू करके, भारत के निर्माण उद्योग के प्रदूष को हल करने में आपकी मदद करूंगा। चलो बात करते है।
पापा ! मैंने आपको बोलते हुए सुना। लेकिन क्या आपको साइट के पास मौजूद सभी लोगों को कुछ नहीं देना चाहिए?
वे सभी पीड़ित हैं।
हाँ, उन सभी को एक किलो शुद्ध घी की मिठाई।
इससे उनकी क्या मदद होगी डैडी?
तो फिर आप क्या सुझाव देते हैं?
जब त हम कर सकते हैं, हर एक को एक महीने का गैस सिलेंडर दें? उनमें से आधे खाना पकाने के लिए लकड़ी और प्लास्टिक जलाते हैं। वे सभी बीमार हैं। मैं कल टीवी पर देख रही थी।
बढ़िया। आप सब मैनेज कर लें। मैं चाहता हूं कि आप पार्टी रद्द करें, सिलेंडर व्यवस्थित करें।
भले ही हम एक दिन में इतने सारे न दे सकें, लेकिन कम से कम हम उनमें से प्रत्येक को एक सप्ताह में एक सिलेंडर दे ही सकते हैं? इसे अपना प्रोजेक्ट बनाएं।
मुझे यह विचार पसंद है। अगर हम अपने सारे पैसे से भारत को साफ नहीं करेंगे, तो कौन करेगा? कनाडा को देखो, इतनी स्वच्छ हवा, हमारे परिवार वहाँ है लेकिन हम वहां नहीं जा सकते। हम भी अपने AQI को ग्रीन केटेगरी में ला सकते हैं।


इस बीच, समीर के पिता की बॉस भी एक बदली हुई व्यक्ति है। उन्होंने समीर के पिता को चिकित्सा सहायता लेने के लिए समय देने के लिए आवश्यक कदम उठाए लिए हैं।
मैंने उस विशेष मामले में 30 दिन की छुट्टी दी है। जिसकी वह स्टार्ट-अप बात कर रहे थे । फिर उसे डिजिटल सेंटर पर पोस्ट करें। और हां, मैं चाहता हूं कि हर कोई जो बीमार है वह छुट्टी ले। अगर हवा गंभीर हो जाए तो किसी भी ट्रेफ्फिके पुलिस कर्मी को रोड ड्यूटी पे नहीं चाहिए | जहां हम कर सकते हैं वहां कैमरे लगाएं। इस भयानक हवा में हमारी टीम को बाहर खड़ा करना गलत होगा
कुछ समय के लिए डेस्क जॉब में उनका स्थानांतरण भी शुरू कर दिया है, जब तक कि वे एक अधिक स्थायी समाधान का पता नहीं लगा लेते।
बधाई हो, समीर। आपके पिता को वह सब कुछ मिला जिसकी उन्हें आवश्यकता थी।
हाँ, माँ खीर बना रही है - वह बहुत खुश है। लेकिन क्या आपने आज के पेपर(अख़बार) देखे? कंस्ट्रक्शन बॉस ने नियमों का पालन करना शुरू कर दिया है | चलिए अब मनोजा की मदद करते हैं |
मनोजा जी, आप बहुत बेहतर लग रहा है, क्या आप अब सांस ले ले पा रही हैं??
मैं तो ठीक हूं, लेकिन ये देखिए ये फ्री गैस सिलेंडर। मुझे हर महीने एक मिलेगा। क्या यह एक सपना है?
देखिए, इस बार हमारी किस्मत अच्छी है। यह आसान था। लेकिन किसी रहस्य को सुलझाना हमेशा आसान नहीं होगा।
इसे सुलझाना आसान है, चीजों को बदलना मुश्किल है। मुझे नहीं पता कि यह कैसे हुआ, मुझे पता है कि यह हमारा काम नहीं था।
मुझे भी नहीं पता लेकिन मैं बहुत थकी हुई थी जिस दिन सब कुछ बदलने लगा। इसलिए मुझे यकीन है कि हमारे दौड़ने से किसी तरह मदद मिली होगी ।
कम से कम हमने , वायु प्रदूषण के बारे में बहुत कुछ सीखा है। हम शुरू में कुछ नहीं जानते थे।
अपने अगले केस से पहले कम से कम मुझे ब्यूटी पार्लर ले चलो। मुझे चिंता है कि मेरे पास जल्द ही कोई इंस्टाग्राम फॉलोअर्स नहीं होंगे। मैंने इतने लंबे समय से रील पोस्ट नहीं की है।


गुड मॉर्निंग | आज का विशेष रंग क्या है?
पीला
लाल
नीला
सफेद
हरा | बोलो क्यों?
क्योंकि हवा फिर से साफ हो गई है|
हाँ, सही कहा| सभी को बधाई! हम फिर से इस तरह लॉकडाउन नहीं होने देंगे| 52% कार और स्कूटर मालिक साइकिल चला रहे हैं या बस ले रहे हैं| कल से 7000 नई इलेक्ट्रिक बसें स्टार्ट हो गयी है
मैडम | मैं कुछ कहना चाहता हूं|


पिछले 2 सप्ताह में मैंने तीन चीजें सीखी हैं:
-वायु प्रदूषण एक गंभीर बात है,
-यह हमारे प्रियजनों को बहुत बीमार कर सकता है,
-हम इसे हल कर सकते हैं अगर हम सब कड़ी मेहनत करें।
मेरे पिता की तबीयत बहुत खराब थी। मुझे लगता है कि हमें अपने माता-पिता के जीवन के लिए लड़ना चाहिए। मुझे लगता है कि हमें प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखना चाहिए।
प्रिय प्रधान मंत्री जी:
हमें अपने माता-पिता को बचाने के लिए आपकी मदद की जरुरत है। हम जानते हैं कि
आपको लगता है कि आमतौर पर माता-पिता बच्चों को बचाते हैं, लेकिन हम बहुत चिंतित
हैं। हमें डर है कि वायु प्रदूषण उन्हें और हमें नुकसान पहुँचा रहा है। लेकिन वे बूढ़े और
कमज़ोर होते जा रहे हैं। हम इस समस्या को हल करने के लिए आपके साथ काम करेंगे।
हमारे शोध से पता चलता है कि हमें यह चाहिए:
1। प्रत्येक शहर को प्रत्येक 50,000 लोगों के लिए 1 बस दें और इसे महिलाओं के लिए
सुरक्षित बनाएं।
2। हर शहर में निजी डीजल वाहनों पर प्रतिबंध।
3। हर निर्माण स्थल को बनाएं शून्य प्रदूषण (Zero pollution) स्थल।
4। मलबा रीसायकल करें और एक झटके में रेत खनन और वायु प्रदूषण दोनों से लड़ें।
5। सीएसआर के तेहत कंपनियों को प्रदूषित शहरों में हर झुग्गी बस्ती में रहने वालों को
एक महीने में एक गैस सिलेंडर देना चाहिएं।
6। सभी को स्थानीय रुप से खाद बनाने के लिए मनाएं ताकि कोई गीला कचरा लैंडफिल
तक न पहुंचे, इसलिए हमें लैंडफिल में आग कम दिखाई देगी।
7। कचरा बीनने वालों को हमारे कचरे को रीसायकल करने में मदद करें ताकि इसे
जलाया न जा सके। एक बार में गरीबी और प्रदूषण से लड़ें।
8। हमें स्कूल में प्रदूषण के बारे में और सिखाएं।
9। प्रत्येक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अधिक वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को नियुक्त करें
ताकि वे यह सब कर सकें।
कृपया हमें भी कुछ काम दें। हम उस पुरानी पीढ़ी की भी रक्षा करना चाहते हैं जिसने हमें
पाला है।
प्यार,
आपकी युवा सेना,
अपने देश के बच्चे

चिंतन एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप एक स्वतंत्र, गैर-लाभकारी, गैर-सरकारी संगठन है जो पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए काम, इससे सबसे अधिक प्रभावित लोगों को केंद्र में रखते हुए कर रहा है।


लेखक: भारती चतुर्वेदी, श्रुति सिन्हा, अभिषेक सिंह

चित्रकार: कोकिला भट्टाचार्य

हिंदी संस्करण के लिए अनुवादक- कोमल, योगेश गुप्ता एवं शारंग गोयल


फ्रेडरिक-एबर्ट-स्टिफ्टंग (एफईएस) जर्मनी में सबसे पुराना राजनीतिक फाउंडेशन है। फाउंडेशन का नाम जर्मनी के पहले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति फ्रेडरिक एबर्ट के नाम पर रखा गया है। एफईएस शिक्षा, अनुसंधान और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से सामाजिक लोकतंत्र की भावना के द्वारा सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक विकास दोनों की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है।


छाप

2022 फ्रेडरिक-एबर्ट-स्टिफ्टंग इंडिया ऑफिस

के-70-बी, हौज खास एन्क्लेव | नई दिल्ली-110016 भारत



लाइसेंस- Creative Commons License Attribution-ShareAlike 4.0 International (CC BY-SA 4.0)



जवाबदार
उलरिच स्टॉर्क | राष्ट्रीय निर्देशक

मांडवी कुलश्रेष्ठ | कार्यक्रम सलाहकार

टी: +91-11-41413300 - 99

वेबसाइट: www.india.fes.de

एफ। फ्रेडरिक एबर्ट स्टिफ्टंगइंडिया

ई: info@fes-india.org



अस्वीकरण
इस प्रकाशन में व्यक्त किए गए विचार आवश्यक रूप से फ्रेडरिक-एबर्ट-स्टिफ्टंग के नहीं हैं। फ्रेडरिक-एबर्ट-स्टिफ्टंग की लिखित सहमति के बिना फ्रेडरिक-एबर्ट-स्टिफ्टंग द्वारा प्रकाशित सभी मीडिया के व्यावसायिक उपयोग की अनुमति नहीं है।



यह प्रकाशन एफईएस इंडिया कार्यालय द्वारा समन्वित सामाजिक-पारिस्थितिक परिवर्तन कार्यक्रम के तहत विकसित किया गया है।

इस कॉमिक को चिंतन एनवायरनमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप ने फ्रेडरिक-एबर्ट-स्टिफ्टंग (भारत कार्यालय) के समर्थन से बनाया है